भारत सरकार/ GOVT OF INDIA
सीमाशुल्क आयुक्त (एन एस –अपील) का कार्यालय,
OFFICE OF THE COMMISSIONER OF CUSTOMS (NS-APPEALS)
सीमाशुल्क मुंबई अंचल II , जवाहरलाल नेहरू सीमाशुल्क भवन, राजभाषा अनुभाग,
MUMBAI CUSTOMS, ZONE II, JAWAHARLAL NEHRU CUSTOM HOUSE,
न्हावा शेवा, उरण, जिला रायगड , महाराष्ट्र/Nhava Sheva, Uran, Raigad, Maharashtra – 400707

सीमाशुल्क मुंबई, अंचल- II, एन एस -अपील आयुक्तालय की
-: जनवरी-मार्च 2026 तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त :-

सीमाशुल्क आयुक्तालय (एन एस -अपील), न्हावा शेवा की चौथी तिमाही की राजभाषा कार्यान्वयन समिति (OLIC) की बैठक दिनांक 20.02.2026 को 03:00 बजे आयोजित गई । बैठक में एनएस अपील कार्यालय के निम्नलिखित सदस्य बैठक में उपस्थित थे ।

क्रम सं	अधिकारियों के नाम सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री	पदनाम
1.	ऋतु राज गुप्ता	आयुक्त, सीमाशुल्क (अपील) एवं अध्यक्ष
2.	प्रियेश कुमार	अधीक्षक (निवारक)
3.	निर्मल चावला	अधीक्षक (निवारक)
4.	जग मोहन सागर	मूल्यांकक
5.	टीना छाबड़ा	कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी
6.	रुचि मिश्रा	कनि. अनुवाद अधिकारी एवं सदस्य सचिव

सदस्य सचिव ने उपस्थित अध्यक्ष महोदय एवं समिति के सदस्यों का स्वागत किया एवं समिति अध्यक्ष से अनुमति के उपरांत कार्रवाई आरंभ की ।

दिनांक 21.11.2025 बैठक में लिए गए विभिन्न निर्णयों की अनुपालन स्थिति

1. अपील आयुक्तालय में राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन कर लिया गया है एवं आयुक्तालय में सीमाशुल्क अधीक्षक (नि) को राजभाषा अधिकारी नामित किया गया ।

   (कार्रवाई पूर्ण)

2. राजभाषा के प्रचार प्रसार हेतु राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित हिन्दी भाषा की श्रेष्ठ पुस्तकों की खरीद कर ली गई है और उसकी सूचना अधिकारियों को भी दे दी गई है ताकि वे इसका लाभ उठाएँ ।

   (कार्रवाई पूर्ण)

3. अधिकारियों को राजभाषा हिन्दी से संबंधित प्रावधानों से परिचित करवाने एवं प्रशिक्षित करने हेतु अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में हिन्दी अनुभाग द्वारा एक संयुक्त हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई जिसमें विभिन्न आयुक्तालयों के अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

   (कार्रवाई पूर्ण)

4. आयुक्तालय में फ़ाइलों के सुगम संचालन हेतु राजभाषा चैनल का निर्माण किया गया।

   (कार्रवाई पूर्ण)

5. दिनांक 29.01.2026 को आयुक्तालय में आंतरिक राजभाषा निरीक्षण किया गया।

   (कार्रवाई पूर्ण)

दिनांक 20.02.2026 को संपन्न OLIC बैठक में लिए गए निर्णय :-

1. हिन्दी तिमाही रिपोर्ट का तुलनात्मक अध्ययन - बैठक में विगत दो तिमाहियों की हिन्दी प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की गई। हिन्दी का कार्य प्रतिशत बढ़ाने के लिए किये जाने वाले प्रयासों का सुझाव देते हुए अध्यक्ष महोदय ने कहा कि सभी अधिकारी अधिक से अधिक हिन्दी टिप्पणी करने का प्रयास करें जिससे हिन्दी टिप्पणी के प्रतिशत में सुधार किया जा सके। इसी के साथ आने वाली तिमाही प्रगति रिपोर्ट में मैनुअल रिकार्ड की नोटिंग भी जोड़ने के निर्देश अध्यक्ष महोदय द्वारा दिए गए।

   (कार्रवाई : हिन्दी अनुभाग, सभी अनुभाग एनएस अपील)

2. नराकास की सदस्यता ग्रहण करने से संबंधित - इस संदर्भ में कार्यान्वयन समिति को वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग एवं डीजीपीएम, नई दिल्ली से प्राप्त नराकास सदस्यता ग्रहण करने हेतु संबंधित पत्र के बारे में सूचित किया गया। अध्यक्ष महोदय द्वारा सदस्यता लेने हेतु अनुमति प्रदान की गई।

   (कार्रवाई : हिन्दी अनुभाग)

3. हिन्दी कार्यशाला - बैठक में जनवरी-मार्च तिमाही में आयोजित होने वाली कार्यशाला पर चर्चा की गई। उनकी उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सुझाव दिया गया कि कार्यशाला हेतु अधिकारियों का नामांकन राजभाषा अधिकारी द्वारा किया जाए। इस विषय पर अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिया गया कि नामांकित अधिकारी अनिवार्य रूप से कार्यशाला में भाग लें।

   (कार्रवाई : हिन्दी अनुभाग, सभी अनुभाग एनएस अपील)

अन्य सुझाव :

(i) बैठक में अन्य सदस्यों द्वारा यह सुझाव दिया गया कि कार्यालय के डिजिटल बोर्ड पर नियमित रूप से “आज का शब्द” एवं “आज का विचार” जैसी गतिविधियां की जाएँ। अध्यक्ष महोदय ने हिन्दी के प्रचार - प्रसार को बढ़ावा देने से संबंधित इस विचार पर अपनी सहमति व्यक्त की ।

Digitally signed by
Priyesh Kumar
Date: 05-03-2026
13:19:03

प्रियेश कुमार
अधीक्षक (नि.) सीमाशुल्क, (एनएस अपील)